## संक्षिप्त

### बैठक संपन्न

**निवाई ।** अखिल भारतीय श्री नारायणी धाम प्रबंध एवं विकास महासभा समिति राजस्थान के चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव अधिकारी खेमचंद सैन अलवर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। टोंक, सवाईमाधोपुर व हाडोती संभाग के सहायक चुनाव अधिकारी प्रेमप्रकाश सैन नटवाड़ा ने बताया कि अखिल भारतीय श्री नारायणी धाम प्रबंध एवं विकास महासभा समिति राजस्थान के चुनाव 22 फरवरी को आयोजित होंगे जिसकी तैयारियों को लेकर अधिसूचना के अनुसार 20 जनवरी तक संपूर्ण भारतवर्ष में अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि मनोनीत सदस्य ही मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि सदस्य बनने के लिए संबंधित चुनाव अधिकारी से संपर्क करके रसीद प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड, जयपुर, टोंक, सवाईमाधोपुर व हाडोती सहित संपूर्ण राजस्थान के कई शहरों में समाज के लोगों से संपर्क करके सदस्य मनोनीत किए जा रहे ।

### छात्रावास समिति के चुनाव आज

**निवाई।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण बालिका शिक्षा एवं छात्रावास समिति के अध्यक्ष पद के लिए रविवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामगोपाल शास्त्री, चुनाव अधिकारी बंशी बोहरा, रामचन्द्र हरिपुरा व भरत शर्मा अलियाबाद की देख रेख में संपन्न होंगे। जिसकी तैयारियों को अन्तिमरूप दिया है। छात्रावास समिति अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा व महामंत्री मांगीलाल महाराजपुरा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मतदान करवाने के लिए संपूर्ण व्यवस्थाएं की गई है। रविवार को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। शाम 5:30 बजे से मतगणना होगी। मतगणना के तुरंत बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सियाराम शर्मा व एडवोकेट सुरेश शर्मा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे।

### पौषबडा महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** जमात में स्थित पेट्रोल पंप वाले श्री मंशापूर्ण बालाजी के मंदिर में पंडित पुरुषोत्तम शर्मा के सानिध्य में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। बालाजी मंदिर निर्माण सेवा समिति सदस्य सत्यनारायण शर्मा व जीवतराम यादव ने बताया कि पौषबडा महोत्सव को लेकर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि विद्धावान पण्डितों द्वारा मंत्रोचरण के साथ कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। इस दौरान भगवान की आकृषक झांकी सजाकर बडा व पुआ का भोग लगाया व महाआरती करके पौषबडा प्रसादी वितरित की गई।

### सी.एम.एच.ओ. बने निक्षय मित्र

**टोंक।** मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक के सभागार में शनिवार को जिला स्तर पर पब्लिक व निजीहब साइट्स के कार्यक्रम के अवसर पर सीएमएचओ डॉ0 अशोक कुमार यादव टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत निक्षय मित्र बनकर जिले में 2 टीबी मरीजो को गोद लेकर आहार किट वितरित किया तथा सभागार में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को भी निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजो को गोद लेकर उन्हे सहयोग प्रदान करने की अपील की व अपने सहकर्मियों, मित्रों, जनप्रतिनिधियों को भी निक्षय मित्र बनने हेतु प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर डीटीओ डॉ0 हिमांशु मित्तल, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट डॉ0 अजय गुप्ता, नवरतन जैन डीपीसी (ममता) आदि उपस्थित रहे।

### सागरमल बने अध्यक्ष

**श्रीमाधोपुर।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की हुई ।बैठक जिला अध्यक्ष ललित सैनी ने सागर मल सैनी व्यापारी को श्रीमाधोपुर तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही सैनी से समाज हित में काम करने की बात कही है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# राजस्थान का सबसे लम्बे समय तक चलने वाला "रेस्क्यू ऑपरेशन चेतना" जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा की ढाणी बड़ीयाली में सोमवार 23 दिसम्बर की दोपहर बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय मासूम बालिका चेतना पुत्री भूपेन्द्र चौधरी को 150 फीट गहरे गड्डे में शनिवार को 6 दिन हो चुके हैं। लगभग 130 घण्टे बीत जाने पर भी चेतना का रेस्क्यू ऑपरेशन सफल नहीं हुआ है।

यदि आंकड़ों की बात की जाये तो यह राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे भारत का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन बन चुका है। चेतना के परिजनों सहित ग्रामीणों का भरोसा अब पुलिस प्रशासन व सरकार के साथ-साथ नीयति से उठ चुका है। चेतना के मामा व ताऊ ने प्रशासन के रेस्क्यू अभियान पर सवाल उठाते हुये जिला कलेक्टर के प्रति भी नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि प्रशासन स्पष्ट तौर पर नहीं बता रहा है कि वास्तव में चल क्या रहा है। इसके अलावा चेतना की माँ धोली देवी की हालत भी बिगड़ी हुई है। उन्होंने रो-रोकर कहा कि कलेक्टर या मंत्री की बेटी होती तो भी क्या इतना ही समय



बच्ची को बोरवेल से निकालने के लिये रेसक्यू टीम के प्रयास जारी है।

लगता? चेतना की मां ने बिलखते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम भजनलाल शर्मा से गुहार लगाई कि मेरी बच्ची पांच दिन से भूखी है, उसे किसी भी तरह बाहर निकाल दो। धोली देवी का दर्द और चीत्कार आत्मा को झकझोर कर रख देने वाला है। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के नेतृत्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार हालातों की मॉनीटरिंग कर रही है। रेस्क्यू में प्लान ए के विफल होने के बाद प्लान बी के सहारे चेतना को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन उसमें भी तकनीकी खामियों के साथ-साथ बाधायें आती जा रही है। इधर बच्ची का कोई मूवमेंट भी नहीं मिल रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, आरएएसी सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन के साझा प्रयास अभी तक विफल रहे हैं। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल निरन्तर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं होमगार्ड के अधिकारियों के साथ मौके पर मौजूद रहकर हालातों की मॉनीटरिंग कर रही है। घटना के बाद से ही एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, एसपी राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा, नगरपरिषद आयुक्त धर्मपाल जाट समेत पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद है एवं लगातार मौके को सम्भाले हुये है।

- **करीब 130 घण्टे से 150 फीट गहरे बोरवेल में फंसी है मासूम बालिका चेतना**
- **भूख-प्यास से तड़प रही मेरी बेटी को किसी भी तरह बाहर निकाल दो : चेतना की मां**

उल्लेखनीय है कि चेतना करीब 750 फीट गहरे बोरवेल में करीब 150 फीट पर अटकी हुई है। प्रशासन द्वारा प्लान ए के तहत देशी तरीके से प्रयास विफल रहने के बाद प्लान बी के तहत हरियाणा के गुरूग्राम से मंगवाई गई पाइलिंग मशीन से शुक्रवार रात्रि मौके पर खोदे गये 170 फीट गहरे गड्डे में केसिंग का कार्य पूरा किया। रातभर रूक-रूक कर होती रही बारिश से केसिंग में वैल्डिंग के कार्य के दौरान बाधा भी सामने आती रही।

## कवि कुमार का नेपाल में किया सम्मानित

**निवाई-** गांव जयसिंहपुरा निवासी युवा कवि कुमार मान को नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय लुम्बिनी काव्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

कवि कुमार मान जयसिंहपुरा को अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान मिलने से निवाई क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। ब्राह्मी फाउंडेशन एवं लुंबिनी बुद्धिस्ट यूनिवर्सिटी नेपाल के संयुक्त तत्वावधान में भारत नेपाल मैत्री के उद्देश्य से कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुभव शुक्ला, संगठन प्रमुख शिखा दीप्ति, धारधाम इंटरनेशनल संरक्षक डॉ. सौरभ पांडे ने युवा कुमार मान को सम्मान से नवाजा। कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय कवि मोहन मुंतजीर, कुमार राघव, कवयित्री पूनम मिश्रा, वनमाली निराकार, रुद्रज्ञ वाली, विजय सागर व आचार्य दयानिधि नेपाली ने कवि सम्मेलन में भाग लिया।

# बच्चों की जिंदगी निगल रहे मौत के कुएं, खुले बोरवेल को बंद कराने पर प्रशासन सुस्त

**पावटा।** बोरवेल हादसे लगातार जानों पर जानें ले रहें हैं और जीवन के लिए बहुत ही खतरनाक साबित हो रहे हैं। हाल ही में 9 दिसंबर 2024 को राजस्थान के दौसा के कालीखाड गांव में बोरवेल में गिरे आर्यन को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 56 घंटे बाद निकाला गया। रेस्क्यू के तत्काल बाद आर्यन को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

आर्यन के लिए बोरवेल मौत का कुंआ साबित हुआ। वही कोटपूतली - ग्राम कीरतपुरा, बड़ियाली, तन सरूण्ड में सोमवार (23 दिसंबर) की दोपहर एक और 3 साल की मासूम चेतना डेढ़ सौ फीट गहरे बोरवेल में करीब चार दिन से फंसी हुई है। कोटपूतली -ग्राम कीरतपुरा, बड़ियाली, तन सरूण्ड में ये हादसा सोमवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। जब एक 3 वर्षीय चेतना खेलते समय खेत में बने बोरवेल में गिर गई।

- **खुले पड़े हैं बोरबेल, सरकार की मंशा परपानीफेर रही अधिकारियों की लापरवाही**
- **बोरवेल बंद कराने की नहीं हो रही पहल**

पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी व एनडीआरएफ और एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस, रैट माइनर्स की टीम, पायलिंग मशीन सहित स्थानीय पद्धित सहित विभिन्न तरीकों से बोरवेल में गिरी बच्ची के बचाव के निरंतर प्रयास कर रही है। वही 3 साल की मासूम चेतना पांच दिन से जिंदगी व मौत की जंग लड़ रहीहै।

जिस उम्र में इन मासूम बच्चो को अपनी मां की गोद चाहिए, वे लापरवाही के गड्ढों (बोरवेल) में समा रहे है। हमारा सिस्टम अब तक कोई कड़े कदम नहीं उठा पाया। अब भी खुले बोरवेल के रूप में जगह-जगहमौत के गड्ढेव्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। हर घटना के बाद सरकार व जिला प्रशासन खुले बोरवेल को बंद कराने का दिखावा करता है। यह हमारे देश की विडंबना होने के साथ ही बहुत ही ज्यादा दुखद बात है कि आज बोरवेल मासूम बच्चों की समाधि बनते चले जा रहे हैं। आज जनसंख्या वृद्धि, बढ़ते शहरीकरण, औधोगिकीकरण के कारण भू-जल स्तर तेजी से गिरता चला जा रहा है। तेजी से गिरते भू-जल स्तर के कारण नलकूपों को चालू रखने के लिए कई बार उन्हें एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित करना पड़ता है और पानी कम होने पर जिस जगह से नलकूप हटाया जाता है, वहां लापरवाही के चलते बोरवेल खुला छोड़ दिया जाता है, और खुले बोरवेल हादसों का कारण बनते हैं। बहरहाल, यह पहली बार नहीं है, जब बोरवेल से किसी मासूम की जान गई हो। इससे पहले भी बोरवेल हादसों में देश में कई जानें जा चुकीं हैं। देखा गया है कि बोरवेल हादसों में अधिकतर दस साल या इससे छोटे बच्चों की जानें अधिक जातीं हैं, क्यों कि बोरवेल में नली का व्यास(कैलिबर) कम होता है। आज के इस आधुनिक युग में बोरवेल हादसे वाकई बहुत ही दुख और चिंता का विषय हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि खुले बोरवेल में अनजाने में ही कई बार ऐसी अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं, और ये घटनाएं अक्सर छोटे बच्चों के साथ अधिक होतीं हैं क्यों कि छोटे बच्चे अनेक बार खेलते-खेलते बोरवेल का ध्यान नहीं रख पाने के कारण, जैसा कि उन्हें बहुत बार यूं ही खुला छोड़ दिया जाता है, बोरवेल हादसों के शिकार बन जाते हैं और ऐसी घटनाएं किसी परिवार को जिंदगीभर का असहनीय दर्द दे जाती हैं और जिसकी भरपाई करना कभी संभव नहीं हो सकता है, क्यों कि जीवन बहुत अनमोल है, जीवन का कोई मूल्य नहीं है।

## दिगम्बर जैन का वार्षिक कलशाभिषेक समारोह आयोजित

**टोंक।** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र निमोला में आयोजित भगवान पार्श्वनाथ के जन्म व तप कल्याणक महोत्सव एवं दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के तहत भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक एवं रिद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ स्वर्ण कलशों से वृहद शांतिधारा कर भगवान का 2901 वाँ जन्म जयन्ती महोत्सव मनाया गया। पार्श्वनाथ की पूजा कर भगवान को अर्ध्य एवं श्रीफल समर्पित किए गए, पंडित मनोज शास्त्री के सानिध्य में उपस्थित इंद्र इंद्राणीयो ने भगवान पार्श्वनाथ को 148 अर्ध्य एवं श्री फल चढ़ाए। अतिशय क्षेत्र निमोला प्रबंध समिति के अध्यक्ष कपूरचंद पाटोदी एवं बाबूलाल जैन ने बताया कि दोपहर में मेले की शुरुआत करते हुए सर्वप्रथम नेमीचंद जैन ने झंडा रोहण किया अशोक कुमार जैन द्वारा चित्र अनावरण किया गया धर्मचंद जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समिति के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि इस अवसर पर अतिथियों में जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, निमोला सरपंच कैलाश चंद तिवारी, हुकुमचंद जैन, पी सी छाबड़ा, महावीर पराना, राजेंद्र कुमार, संजय, ज्ञानचंद , शैलेंद्र मारवाडा, अशोक कुमार प्रकाश चंद सोनी इत्यादि रहे।

## पोल टूटने से बिजली सप्लाई हुई बन्द

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र रजवास में शुक्रवार रात्रि को हुई बारिश व तेज हवा से पेड़ टूटकर बिजली के तारों पर गिरने से पोल टूटकर गिर गया है। जिससे बिजली सप्लाई बंद हो गई। ग्रामीण किशन चौधरी ने बताया कि राजीव गांधी सेवा केन्द्र में बिजली नहीं आने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग पेंशनर बिजली नहीं होने से बिना सत्यापन के ही वापस लौट रहे हैं। विभाग के अधिकारियों को सूचना किए 18 घंटे बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

## पंचायत क्षेत्र में नाली बने तो, आमजन को मिल सकती है राहत

**फुलेरा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के वार्ड नम्बर 1 के मुख्य मार्ग पर नाली नहीं होने के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उक्त स्थान पर नाली नहीं होने की स्थिति में भन्दे बालाजी रोड़ पर कीचड़ फैल रहा है। इसके चलते राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। गौरतलब है कि इस अतिव्यस्त मार्ग पर ही भन्दे बालाजी के अलावा जन-जन की आस्था के प्रतीक बाबा खाटू श्याम का मन्दिर भी है, तो भन्दे बालाजी व बाबा श्याम के जाने वाले भक्त इसी मार्ग से आते जाते है। जिन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि सभी भक्तगण मन्दिर जाने से पूर्व अपने घरों से स्नान करके जाते है। परन्तु उक्त रास्ते पर नाली के अभाव में कीचड़ सड़क पर फैल जाता है। इसके चलते आमजन राहगीरों और मन्दिर जाने वाले भक्तों को इस कीचड़ से होकर ही गुजरना पड़ता है। इस स्थिति में उनके कपड़े गन्दे हो जाने से स्वच्छता भंग हो जाती है। इस सम्बन्ध में पंचायत समिती सदस्य नेमीचन्द कुमावत का कहना है कि फुलेरा कस्बे

- **कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के वार्ड नम्बर 1 के मुख्य मार्ग पर नाली नहीं होने के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है**

को देवस्थान भन्दे बालाजी से जोड़ने के अतिरिक्त किसानों को भी अपनी उपज का माल मण्डी में ले जाने, स्कूली बच्चों को विद्या मन्दिर में आने जाने व आपात कालीन सेवाओं के लिये यही एक मुख्य मार्ग है। लेकिन नाली के अभाव में सड़कों पर फैली गन्दगी के कारण यह मार्ग सुगम की जगह दुर्गम बनता जा रहा है। वहीं पंचायत समिती सदस्य कुमावत ने आगे प्रशासन को चेतावनी देते हुये कहा कि यदि क्षेत्र में शीघ्र ही नालीयों का निर्माण नही हुआ तो ग्रामीण प्रशासन के विरूद्ध धरना प्रर्दशन करेगें।

# हल्की सी बारिश होने के कारण जलमग्न हुआ पावटा बाजार

**पावटा** कस्बे मे गुरुवार रात से हुई हल्की बारिश से जलभराव हो गया। दिनभर थम-थमकर बारिश का दौर जारी है। जगह-जगह पानी भरने से लोगों को परेशानी हुई। पावटा कस्बा स्थित सुभाष चौक बाजार हल्की सी बारिश में पूरा जलमग्न हो गया। पूरे बाजार में जल निकासी के लिए गए नाले कचरे से पटे होने के कारण पूरे बाजार में हल्की सी बारिश हुई नहीं की पूरा बाजार जलमग्न हो गया है। दुकानों के सामने भारी मात्रा



बाजार में भरा पानी।

- **सुभाष चौक बाजार में पानी के निकास न होने से उत्पन्न हुई समस्या**
- **बारिश होने से बढ़ी सर्दी, लोगों की बढ़ी दुश्वारियां**

में जल इकट्ठा हो गया है। जिसकी वजह से दुकान पर खरीदारी करने के लिए आने वाले ग्राहकों को भारी समस्याओं सामना करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। सवाल यह नहीं है कि यह समस्या एक दिन की है यह पूरी समस्या बरसात के समय में और भी ज्यादा हो जाती है। यदि पूरे बाजार में बनाये गए नालों की समय रहते सफाई की जाती तो यह समस्या ज्यादा उत्पन्न नहीं होती लेकिन नगरपालिका की लापरवाही कहें की पावटा उपखंड के अधिकारियों का विकास। कोई अपनी जिम्मेदारी को लेने को तैयार नहीं है। इस विषय में ई ओ फतेहसिंह मीणा से बात करने पर उन्होंने बताया कि जांच कर समस्या का समाधान कराएंगे। वही गुरुवार रात से हुई हल्की बारिश से मौसम का मिजाज तीखा होता जा रहा है। पिछले दो, तीन दिन से हाल यह है कि ठिठुरन भरी सर्दी से लोगों का हाल बेहाल है। शुक्रवार को भी मौसम के तेवर कम नहीं रहे। यहाँ तक कि सूर्य देव ने दर्शन तक नही दिये। इससे सर्द हवाएं बराबर चलती रही। लोग सर्दी से बचने के लिए घरों में दुबके रहे। गुरुवार देर रात को बारिश के बाद से मौसम ने अचानक करवट ले ली है। शुक्रवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे व हल्की हल्की बारिश होती होती रही। सर्दी की वजह से सड़कों पर अन्य दिनों की अपेक्षा भीड़भाड़ कम रही। बादल छाये रहने व बारिश की वजह से ठिठुरन बढ़ गई। गुरुवार रात से हुई बूंदाबांदी ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। जगह-जगह लोग अलाव जलाकर सर्दी से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। बाजारों में भीड़-भाड़ कम हो गई और दुकानदार सर्दी के कारण जल्दी दुकानें बंद कर अपने घरों की ओर लौट गए। वही लोगों को सर्दी से बचाव के लिए सतर्क रहने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। वही शीतकालीन बारिश से रबी सीजन की फसलों की बढ़वार पर भी असर पड़ेगा। किसानों को पाले से फसलों को बचाने के लिए सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी। गेहूं के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की सब्जियों की बढ़वार भी बेहतर होगी।

## सार-समाचार

### साइबर फ्रॉड में 05 आरोपी गिरफ्तार

**गोविंदगढ़ /अलवर।** गोविंदगढ़ थाना पुलिस द्वारा गोविंदगढ़ थाना अधिकारी नेकीराम पुलिस निरीक्षक द्वारा गठित टीम कर ऑनलाइन ठगी सैक्सटोशन ओएलएक्स आदि फ्रॉड के विरुद्ध चलाए जा रहे एंटीवायरस अभियान के तहत आसूचना तंत्र तकनीकी संसाधनों की सहायता से गांव समय सिंह का बास तन गोविंदगढ़ में फ्रॉडिंग करते हुए को दबिश देकर कार्रवाई करते हुए विभिन्न सोशल मीडिया एप्लीकेशन पर सेक्सटोशन की वीडियो वायरल करने की धमकी देकर विभिन्न अनजान लोगों से मोबाइल नंबर पर कॉल एवं व्हाट्सएप पर चैट करके फर्जी वाडा कर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिसमें एक बाल अपचारी निरुद्ध किया गया आदि पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है गिरफ्तार अभियुक्त 1- इरसाद खा उर्फ इरफान खान पुत्र जफरु खा जाति मेंव उम्र 30 साल निवासी समय सिंह का बास थाना गोविंदगढ़ 2- रासिद का पुत्र जफरु खा जाति मेव उम्र 27 साल निवासी समय सिंह का बास तन थाना गोविंदगढ़ 3- अन्नी खा पुत्र असरू जाति मेंव उम्र 20 साल निवासी समय सिंह का बास तन थाना गोविंदगढ़ अलवर ,4- नौसाद का पुत्र सूबेदीन खा का जाति मेंव उम्र 22 साल निवासी नांगलिया का बास तन थाना गोविंदगढ़ 5- वाजिद खा पुत्र सुबान खा जाति मेंव उम्र 25 साल निवासी दोसरस थाना गोवर्धन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश का निवासी है 6 - एक बाल अपचारी निरुद्ध। बारामती 04 एंड्राइड मोबाइल जप्त पुलिस टीम में नेकीराम पुलिस निरीक्षक थाना गोविंदगढ़ ब्रजेंद्र सिंह ,राजेश कुमार, श्रीनाथ, देवेंद्र सिंह ,बलजीत, सीताराम, उदेश चालक पुलिस थाना गोविंदगढ़ जिला अलवर टीम की अहम भूमिका रही

### पूर्व विधायक ने मंत्री से की मुलाक़ात

**चौमूं / कालाडेरा ।** शनिवार को जयपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी से पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुलाकात की। इस दौरान पूर्व विधायक शर्मा ने चौमूं क्षेत्र को बीसलपुर परियोजना से जोड़ने की मांग रखी। उन्होंने मुलाक़ात के दौरान मंत्री महोदय को अवगत करवाते हुए बताया कि चौमूं नगर परिषद में कुल आबादी की संख्या एक लाख से अधिक हो चुकी है, इस आबादी को पानी पिलाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत पेयजल योजना के अंतर्गत बलेखन एवं गुवारड़ी क्षेत्र से पानी लाकर व्यवस्था की जा रही है परंतु अब बलेखन और गुवारड़ी क्षेत्र में पानी का जल स्तर काफ़ी नीचे चले जाने के कारण पेयजल की विकट समस्या उत्पन्न हो चुकी है। चौमूं शहर में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा टंकियों का निर्माण कार्य, पाइपलाइन बिछाने का कार्य सहित अन्य कार्य किए जा चुके हैं। उन्होंने मंत्री महोदय को सुझाव देते हुए कहा कि वर्तमान में बीसलपुर परियोजना का लाभ हरमाडा क्षेत्र तक मिल रहा है तथा चौमूं वासियों के लिए पेयजल का एकमात्र विकल्प बीसलपुर परियोजना का पानी है। इसके अतिरिक्त सरकार पर अन्य कोई ख़र्चा नहीं आएगा और आमजन को राहत मिल सकेगी। इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की जलदाय मंत्री से इस विषय पर सारी वार्ता सकारात्मक रही।

### नरेश मीणा की रिहाई को लेकर महापंचायत आज

**टोंक।** नरेश मीणा समेत समरावता प्रकरण में बंद अन्य लोगों की रिहाई और अफसरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर नगरफोर्ट में रविवार को होने वाली महापंचायत की तैयारियां जोरों पर हैं। नरेश मीणा के समर्थक इसे सफल बनाने में जुटे हुए हैं। नरेश मीणा के समर्थक सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ यह महापंचायत होगी।

## पट्टा तो मिला नही फिर से उजड गये आशियाने

**मालपुरा ।** मालपुरा शहरी क्षेत्र मे सदरपुरा रोड कृषि मंडी के बाहर व ट्रक स्टेण्ड गणगौरी मैदान मे अस्थाई आशियाने बना परिवार का गुजर बसर कर रहै घुमन्तु जाति के तकरीबन दो दर्जन परिवारो को उपखण्ड अधिकारी व नगरपालिका कार्यवाहक ईओ के आदेशो पर प्रशासन ने फुटपाथ व मैदान से हटा महाराणा प्रताप आवासीय कॉलोनी के पास विस्थापित कर एक महिने मे स्थाई भूखण्ड का स्वामित्व व पट्टा सहित सभी मूलभूत सुविधाऐं देने के किये गये वादे को भूल शनिवार को एक बार फिर प्रशासन ने ही इन परिवारो को स्वंय द्वारा विस्थापित किये गये स्थान से ही बेदखल कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रशासन ने लगभग दो दर्जन गाडिया लूहार, छाबडी वाले परिवार,भाण्ड व अन्य घुमन्तु जाति के लोगो को अपने आशियाने हटाने के आदेश दिये तो इन गरीब तबके के लोगो के पांव तले से जमीन खिसक गई। तो आंखो मे आंसु झलक पडे। रोते बिलखते परिवारो ने प्रशासन के समक्ष गुहार लगाते हुये कहा कि वर्षो से हम मंडी के बाहर फुटपाथ पर व गणगौरी मैदान मे अपने अस्थाई आशियाने बना रोजगार कर परिवार पाल रहै थे। किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नही किया जा रहा था। ऐसे मे शहर के सौन्दर्यकरण के नाम पर प्रशासन ने हमारा रोजगार छीनने के साथ-साथ आशियाने भी उजाड दिये। दिपावली जैसे त्यौहार से पूर्व घर से बेघर कर हमें महाराणा प्रताप आवासीय कॉलोनी के पास भूखण्डो का नाप चौक कर विस्थापित किया था तथा एक महिने मे भूखण्ड का पट्टा व कॉलोनी मे सभी मूलभूत सुविधाऐं उपलब्ध करवाने का सपना दिखाया था। लेकिन आज फिर से प्रशासन ने उन्है बेदखल करते हुये।


**प्रवेश सूचना**

बी.बी.एम.एस. एनिमल हसबेन्ड्री कॉलेज ए-10, नया रामगढ रोड, जयपुर-2 एनिमल हसबेन्ड्री डिप्लोमा प्रोग्राम (ए.एच.डी.पी.) सत्र 2024-2025 में रिक्त सीटों पर प्रवेश मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु 12वीं उर्तीण जीव/कृषि विज्ञान से प्रवेश के लिए आवेदन दिनांक 09.01.2025 तक कार्यालय समय प्रात: 9 से 3 बजे तक संपर्क करें। फोन नंबर: 9414248835

प्राचार्य

B.B.M.S.A. & H. College, Jaipur

**खोया पाया**

मै अभय सिंह बिष्ट S/o श्री नारायण सिंह जो "MY ASSOCIATES" मै आईसीआईसी बैंक के लिए कलेक्शन एग्जीक्यूटिव का काम करता हूँ, इसके अन्तर्गत बना हुआ "ID" कार्ड कही गिर गया है जो ID कार्ड न.- 2432620 ये है, जिसे भी यह कार्ड मिले तो कृप्या इस नम्बर पर संपर्क करें:- 916376130591

मेरे मकान-10/360 मानसरोवर का कब्जापत्र-36 जारी दिनांक-08/04/1987 स्वर्ण पथ पर खो गया। मिलने पर सूचित करें- 9414321176

मेरा नाम भवानी जैदिया है,जो नाहरी का नाका पावर हाउस से बनीपार्क के बीच रास्ते में मेरे दस्तावेज गिर गये,उन दस्तावेज़ में श्री रुड़ाराम द्वारा श्री महावीर के पक्ष में निष्पादित दिनांक 02-03-1995 कि मूल वसीयत गिर गयी, मिलने पर सूचित करें भवानी जेदीया पुत्र महावीर जेदीया,हरिजन बस्ती, शिवशक्ति कॉलोनी, बनीपार्क जयपुर

**आम सूचना** हम बाल कृष्ण अग्रवाल पुत्र स्व. श्री गणेशी लाल अग्रवाल आयु 70 वर्ष एवं श्रीमति मंजू अग्रवाल पत्नी श्री बाल कृष्ण अग्रवाल आयु 71 वर्ष जाति महाजन निवासी मकान नम्बर 74-बी, जवाहर नगर कॉलोनी, ग्लास फैक्ट्री के पास, टोंक रोड, जयपुर घोषणा करते है कि हमारा पुत्र डॉ. गौरव अग्रवाल, व पुत्रवधु डॉ. गुन्जन अग्रवाल हमारे कहने में नही है। उसने हमारे व हमारे परिवार से रिश्ता तोड दिया है, वह दोनो पति-पत्नी, मानसरोवर में मकान नं. 62, महावीर नगर, टोंक रोड, जयपुर-302018 अलग मकान में रह रहे है। वह और उसकी पत्नि हमारे परिवार से कोई रिश्ता रखना नहीं चाहते है। उसके व उसकी पत्नि द्वारा किसी भी प्रकार का किसी से भी कोई भी संव्यवहार किया जाता है तो इसकी जवाबदारी उन दोनो की होगी, हम दोनो इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगे। हमारा पुत्र डॉ गौरव अग्रवाल, व पुत्रवधु डॉ. गुन्जन अग्रवाल के साथ अब कोई सम्बन्ध नहीं रहा है और सभी सम्बन्ध खत्म हो गये है। श्री बाल कृष्ण अग्रवाल व श्रीमति मंजू अग्रवाल

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

उदयपुर (मुख्य) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर-313001 (राजस्थान)

फोन: 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673, ई-मेल: udaipu@bankofbaroda.com

**अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है" के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा**, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्रं./लोट सं. | ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्तियों के साथ अचल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (ईएमडी) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति (प्रलक्षित/वास्तविक) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **मैसर्स वी भादू इंफाबिल्ड प्राईवेट लिमिटेड जिसे पहले मैसर्स लेकसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था** 316, तीसरी मंजिल, ए-ब्लॉक, आनंद प्लाजा, यूनिवर्सिटी रोड, उदयपुर, राजस्थान-313001 **निदेशक एवं जमानतदार- श्री विरेन्द्र भादू पुत्र श्री महेन्द्र सिंह भादू एवं श्रीमती निर्मल भादू पत्नी श्री विरेन्द्र भादू** प्लॉट नं. 20-53, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान-302020 | श्री विरेन्द्र भादू पुत्र श्री महेन्द्र सिंह भादू के नाम साम्यिक बंधक प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 1943 से 1945, मनवा खेड़ा, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 16425 वर्ग फीट है। सीमाएं दस्तावेजों के अनुसार- पूर्व: प्लॉट नं. 2, पश्चिम: अन्य भूमि, उत्तर: अन्य भूमि, दक्षिण: प्रस्तावित रोड़ 40 फीट सीमाएं मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार (साइट के अनुसार वास्तविक)- पूर्व: खुली भूमि, पश्चिम: प्लॉट नं. 02, उत्तर: सीसी रोड़, दक्षिण: खुली भूमि अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | रूपये 6,01,38,274.35 दिनांक 31.10.2022 को बकाया एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 06.02.2025 | आरक्षित मूल्य- रूपये 2,79,22,500/- धरोहर राशि- रूपये 27,92,250/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 50,000/- | वास्तविक | 30.01.2025 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक |
| | | श्री विरेन्द्र भादू पुत्र श्री महेन्द्र सिंह भादू के नाम साम्यिक बंधक प्लॉट नं. 2, खसरा नं. 1943 से 1945, मनवा खेड़ा, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 23860 वर्ग फीट है। सीमाएं दस्तावेजों के अनुसार- पूर्व: रोड़ 40 फीट, पश्चिम: प्लॉट नं. 1, उत्तर: अन्य भूमि, दक्षिण: प्रस्तावित रोड़ 40 फीट सीमाएं मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार (साइट के अनुसार वास्तविक)- पूर्व: खुली भूमि, पश्चिम: सीसी रोड़ एवं खुली भूमि, उत्तर: प्लॉट नं. 01, दक्षिण: कच्चा रास्ता अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | वर्तमान बकाया राशि रूपये 8,08,36,849.77 दिनांक 22.12.2024 को बकाया एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 4,05,62,000/- धरोहर राशि- रूपये 40,56,200/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 50,000/- | वास्तविक | |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से **दूरभाष नं.- 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673, मोबाईल नं. 8875006669** पर संपर्क कर सकते है।

**दिनांक: 27.12.2024**
**स्थान: उदयपुर**

हस्ता.
(मौलिक जानी)
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा